(c) पन्नालाल-बारूपाल, करणीसिंह, चौधरी कुम्भाराम, जयनारायण व्यास
(d) जयनारायण व्यास, पन्नालाल-बारूपाल, चौधरी कुम्भाराम, करणीसिंह

Patwar-Exam-2016 (Main) -24.12.2016

Ans. (b) सही क्रम है-
चौधरी कुम्भाराम, पन्नालाल-बारूपाल, करणीसिंह, जयनारायण व्यास

969. मध्यम श्रेणी की अधिकांश नई सिंचाई परियोजनाएँ राजस्थान के निम्नलिखित में से किन जिलों में प्रस्तावित हैं-
(a) कोटा, बारां (b) सिकठस, बूँदी
(c) बारां, झालावाड़ (d) डूँगरपुर-बाँसवाड़ा

Live Stock Assistant (Non TSP Area)- 21.08.2016

Ans. (c) बारां, झालवाड़ जिलों में मध्यम श्रेणी की अधिकांश नई सिंचाई परियोजनाएँ प्रस्तावित थी।
सिंचाई परियोजनाएँ तीन प्रकार की होती हैं- (i) वृहद श्रेणी (ii) मध्यम श्रेणी (iii) लघु श्रेणी।
वृहद् श्रेणी- वह श्रेणी जिसमें कृषि योग्य कमाण्ड क्षेत्र 10 हजार हेक्टेयर से अधिक हो।
मध्यम श्रेणी- वह परियोजना जिसमें कृषि योग्य कमाण्ड क्षेत्र 2 हजार से अधिक तथा 10 हजार हेक्टेयर तक हो।
लघु श्रेणी- वह परियोजना जिसमें कृषि योग्य कमाण्ड क्षेत्र 2 हजार हेक्टेयर तक हो।

970. सही क्रम चुनिए-
(a) बीसलपुर बाँध-बनास नदी
(b) मेजा बाँध-खारी नदी
(c) सिद्धमुख नहर -यमुना नदी
(d) पोंग बाँध-चम्बल नदी

LDC Exam 09.08.2018

Ans. (a)

	बाँध		नदी
	बीसलदेव बाँध	-	बनास
	मेजा बाँध	-	कोठारी
	सिद्धमुख नहर	-	रावी-व्यास
	पोंग बाँध	-	व्यास

971. निम्न में से राजस्थान के किस जिले में 'अनास बांध' परियोजना का निर्माण किया जाएगा?
(a) टोंक (b) बाँसवाड़ा
(c) डूंगरपुर (d) भीलवाड़ा

LDC Exam 09.08.2018

Ans. (b) 'अनास बाँध' परियोजना का निर्माण राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में प्रस्तावित है। अनास नदी, माही की सहायक नदी है। यह मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में विंध्याचल पर्वत श्रेणी से निकल कर राजस्थान के बांसवाड़ा के मेलेडिखेड़ा गाँव के पास प्रवेश करती है। हरण इसकी सहायक नदी है।

972. राजस्थान में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना कब से क्रियान्वित की गई थी?
(a) 2015-16 (b) 2010-11
(c) 2001-02 (d) 2005-06

LDC Exam 16.09.2018

Ans. (a) राजस्थान में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई परियोजना 2015–16 में क्रियान्वित की गई। यह वर्ष 2015 में शुरू की गई एक केन्द्र प्रायोजित योजना है जिसमें केन्द्र-राज्य की हिस्सेदारी 75 : 25 प्रतिशत होगी। इस योजना के तीन मुख्य घटक हैं-
त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (AIBP), हर खेत को पानी (HKKP) और वाटरशेड डेवलपमेंट।

973. राजस्थान में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY) का केन्द्र एवं राज्य के बीच वित्त पोषण का अनुपात है-
(a) 60 : 40 (b) 25 : 75
(c) 40 : 60 (d) 50 : 50

कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022

Ans. (a) : राज्य में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY) (सूक्ष्म सिंचाई योजना) का केन्द्र व राज्य के बीच वित्त पोषण का अनुपात 60 : 40 है। राज्य में उपलब्ध जल की कमी तथा सिंचाई दक्षता के मुद्दे पर कृषि/उद्यानिकी विभाग द्वारा योजना 2015-16 में आरम्भ की गयी।

974. इंदिरा लिफ्ट सिंचाई परियोजना राजस्थान के किस जिले में स्थित है?
(a) सवाई माधोपुर (b) अजमेर
(c) सिरोही (d) कोटा

कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (a) इंदिरा लिफ्ट सिंचाई परियोजना राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में स्थित है। यह सवाई माधोपुर व करौली की सबसे बड़ी परियोजना है।

975. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिएः

	परियोजना		नहर
(i)	भाखड़ा -नांगल	(a)	ब्यास-सतलज लिंक
(ii)	चम्बल	(b)	जय नारायण व्यास
(iii)	व्यास	(c)	बिस्ट -दोआब
(iv)	इन्दिरा गांधी	(d)	दीगोद

	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(a)	c	b	a	d
(b)	d	c	a	b
(c)	b	c	a	d
(d)	c	d	a	b

कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (d)

परियोजना		नहर
भाखड़ा-नांगल	-	बिस्ट दोआब
चम्बल	-	दीगोद
व्यास	-	व्यास-सतलज लिंक
इंदिरा गाँधी	-	जय नारायण व्यास

976. निम्न से कौनसा बाँध जलविद्युत उत्पादन नहीं कर रहा है?
(a) गाँधी सागर बाँध (b) माही-बजाज सागर बाँध
(c) कोटा बैराज (d) जवाहर सागर बाँध

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020